दिनांकः 19.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर विधेयक 2025 के प्रारूप को मंजूरी सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान पुलिस अकादमी में नया प्रशिक्षण भवन बनाने की घोषणा की, कहा–प्रदेश में अपराधों पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितम्बर को बांसवाड़ा से 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की राष्ट्र को सौगात देंगे।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–नये जीएसटी सुधारों से किसानों को सीधे लाभ मिलेगा।

000

राज्य मंत्रिमंडल की आज जयपुर में हुई बैठक में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर विधेयक 2025 के प्रारूप को मंजूरी दी गई। प्रदेश में विश्व स्तरीय खेल प्रतिभाएं तैयार करने के उद्देश्य से ये विधेयक आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इनमें राजमेस मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटे की फीस कम करने, दिवंगत कार्मिक के माता–पिता और दिव्यांग संतान के लिए पारिवारिक पेंशन के प्रावधानों का सरलीकरण और विभिन्न विभागों में काम कर रहे कार्मिकों को पदोन्नतियों का लाभ देने के लिए सेवा नियमों में संशोधन सहित कई निर्णय शामिल हैं। बैठक के बाद मीडिया को इन फैसलों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि खेल विश्वविद्यालय, खेल विज्ञान, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेन्स एनालिटिक्स पर शोध को बढ़ावा देगा जिससे खेलों की गुणवत्ता और खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आएगा।

-------------

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राजमेस कॉलेजों में एनआरआई सीटों की फीस को मैनेजमेंट कोटा की फीस का ढाई गुना किया गया है। इस संशोधित व्यवस्था से वर्ष 2025–26 के प्रवेश सत्र में एनआरआई सीटों की फीस घटकर लगभग 23 लाख 93 हजार रुपए प्रतिवर्ष रह जाएगी जो निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की औसत फीस के लगभग बराबर है।

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया का संबोधित करते हुए कहा कि 5 हजार 200 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सशर्त भूमि आवंटित करने की मंजूरी भी दी गई है। इससे अक्षय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान सिविल सेवा पेंशन नियम में संशोधन किये गये हैं। इसके अनुसार दिवंगत कार्मिक के माता–पिता को अब 50 प्रतिशत तक पारिवारिक पेंशन और दिव्यांग संतान को विवाह उपरांत भी पेंशन का लाभ मिलेगा। पर्यटन और पुरातत्व विभागों में पदोन्नति के नए अवसर सृजित करने के लिए सेवा नियमों में संशोधन को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

000

राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आज राज्य पुलिस सेवा के 55वें बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इस बैच में 76 प्रशिक्षु शामिल रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीक्षांत परेड की सलामी भी ली। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने आरपीए में नया प्रशिक्षण भवन बनाने की घोषणा की, जिसमें साइबर अपराध और आर्थिक अपराधों से निपटने के लिए बेहतर प्रशिक्षण और तकनीकी संसाधन उपलब्ध होंगे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण और शांति

व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

------------

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर अधारित फिल्म 'चलो जीते हैं' का प्रदर्शन प्रदेश के विभिन्न सिनेमाघरों और विद्यालयों में किया जा रहा है। फिल्म देखने के बाद लोग इसकी प्रशंसा कर रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले में युवाओं सहित सभी वर्ग के लोगों में फिल्म को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

-----------

राजसमंद के स्थानीय नागरिकों सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फिल्म देखने के बाद इसे प्रेरणादायी बताया।

------------

000

कोटा में आज सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की ओर से गोपाल क्रेडिट कार्ड महाऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और लाभार्थियों को गोपाल क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण वितरित किये। इसके अलावा जिले की कई शाखाओं के लाभार्थियों को भी एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि के चेक सौंपे गए। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष में कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र की हजारों महिलाओं को योजना के तहत बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना से महिलाएं पशुपालन में सक्रिय भागीदारी निभाकर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सकेंगी। कार्यक्रम में जिला प्रभारी और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

000

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। बांसवाड़ा की खांदू कॉलोनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर आयोजित हुआ। इसमें 273 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया। बाड़मेर में आयोजित शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर बांसवाड़ा से 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं से राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक सहित कई राज्यों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री इस दौरान माही–बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखेंगे, जो राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इसके अलावा, वे बांसवाड़ा से ही वर्चुअल माध्यम से बीकानेर से नई दिल्ली तक चलने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर राज्य सरकार द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उच्च स्तरीय बैठक लेकर अधिकारियों को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा है।

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें कृषि यंत्र निर्माता संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि यंत्रों पर जीएसटी की दरें 18 और 12 प्रतिशत से घटाकर अब 5 प्रतिशत कर दी गई हैं, जो 22 सितंबर से लागू होंगी। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेसर और अन्य मशीनों की कीमतों में भी हजारों रुपये की कमी आई है। श्री चौहान ने इन सुधारों का लाभ किसानों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के सभी निर्माता संघों को निर्देश दिए हैं।

--------------

000

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी राजेश्वर सिंह ने आज राज्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राज्य में पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों के चुनाव संवैधानिक तथा वैधानिक प्रावधानों और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी निष्पक्षता के साथ वैधानिक प्रवधानों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों से हो रही मॉनसून की विदाई के बीच राजधानी जयपुर में आज दोपहर में बारिश से मौसम सुहावना हो गया। पूर्वी राजस्थान के कई अन्य जिलों में भी बरसात दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पूर्वी हिस्सों में बादल और बरसात का दौर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि भरतपुर, कोटा, उदयपुर और जयपुर संभाग में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। वहीं अलवर, धौलपुर, करौली, बारां और उदयपुर सहित कई जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट है। 22 सितम्बर तक पूर्वी हिस्सों में बरसात का दौर जारी रह सकता है, जबकि पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहेगा।

000

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से जयपुर में आज हृदय रोगों की रोकथाम और बेसिक लाइफ सपोर्ट पर विशेष जागरूकता और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। आयुर्वेद दिवस 2025 के उपलक्ष में ये कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों के लिए रखा गया। विशेषज्ञों ने हृदय रोगों की बढ़ती प्रवृत्ति और उनकी रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर ज़ोर दिया। इस दौरान हृदयघात जैसी आपात स्थिति में सीपीआर देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी आयोजित किए जाएंगे।

000